[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, बुधवार, 08 जुलाई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 252, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**{ अनमोल वचन }**

कभी भी घृणा को घृणा से खत्म नहीं किया जा सकता घृणा प्यार से कम होती है.

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के ... 02

03 ब्रोमो के नाम पर पीओपी...

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण सेवा शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत संगतड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों ने पात्र लाभार्थियों



को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। शिविर में स्वामित्व योजना के तहत 83 प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए गए तथा एक लाभार्थी को पैतृक मकान का पट्टा सौंपा गया। शिविर में 20 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृतियां, प्रधानमंत्री आवास योजना की 9 किश्तें, 8 जन्म प्रमाण पत्र, 3 मृत्यु प्रमाण पत्र और 2 विवाह पंजीकरण प्रकरणों का भी मौके पर निस्तारण किया गया। ग्रामीणों ने एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं मिलने पर प्रशासन की पहल की सराहना की।

### अमृत 2.0 कार्यों का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद ने शहर में अमृत 2.0 एवं डीएमएफटी मद से संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को



गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी में निमार्णाधीन उच्च जलाशय एवं पाइपलाइन कार्य के साथ प्रस्तावित नए उच्च जलाशयों का निरीक्षण किया। नगर परिषद द्वारा विकसित किए जा रहे खेल मैदान का भी अवलोकन कर डीएमएफटी से स्वीकृत कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए।

### पशुपालकों को मिली मंगला पशु बीमा योजना की पॉलिसियां

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत शोभ जी का गुड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 में मुख्यमंत्री मंगला पशु



बीमा योजना के तहत पशुपालकों को 40 हजार रुपये तक के बीमा कवरेज वाली पॉलिसियां वितरित की गईं। शांता देवी डांगी, वाली बाई डांगी सहित कई लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला। शिविर में तहसीलदार रामजीलाल गुर्जर, ब्लॉक विकास अधिकारी मांगूसिंह रावत तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पॉलिसियां वितरित की गईं। लाभार्थियों ने योजना के लिए राज्य सरकार का आभार जताया।

### प्रकाश चंद्र रैगर ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर का कार्यभार संभाला

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रकाश चंद्र रैगर ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं



अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, डूंगरपुर का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्य व्यवस्था की जानकारी ली। इस अवसर पर निजी सहायक देवचंद यादव, पवन रोत, राहुल यादव सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नई दिल्ली दौरे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छह केंद्रीय मंत्रियों से की अहम मुलाकात

# विकास से जुड़ी परियोजनाओं को देने पर जोर

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली/जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान प्रदेश के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर छह केंद्रीय मंत्रियों से अलग-अलग मुलाकात कर राजस्थान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठकों में ऊर्जा, शहरी विकास, कृषि, खाद्य सुरक्षा, जल परियोजनाएं, नवीकरणीय ऊर्जा, सड़क अवसंरचना और मेट्रो विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर ग्रामीण विकास, रोजगार और आजीविका मिशन सहित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान में ग्राम विकास चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं गांवों में पहुंचकर लोगों से संवाद कर रहे हैं, जो सराहनीय पहल है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं







सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, खाद्यान्न भंडारण क्षमता के विस्तार, आधुनिक वेयरहाउस निर्माण, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना तथा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली जैसे विषयों पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के क्षेत्र में राजस्थान की उल्लेखनीय प्रगति की प्रशंसा करते हुए इसे केंद्र और राज्य सरकार के मजबूत समन्वय का परिणाम बताया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से राजस्थान में ऊर्जा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण, आवास योजनाओं तथा शहरी विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। बैठक में प्रदेश में ई-बस सेवाओं के विस्तार और मेट्रो नेटवर्क के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल के साथ हुई बैठक में जल जीवन मिशन, यमुना जल परियोजना, राम जल सेतु लिंक परियोजना सहित विभिन्न जल परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। वहीं केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों तथा केंद्र-राज्य समन्वय को और मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात कर राजस्थान में निमार्णाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों एवं एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र के सहयोग से प्रदेश के सर्वांगीण विकास और आधारभूत संरचना को नई गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस मामले में सीबीआई की पहली चार्जशीट, 4,097 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी का आरोप

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) से जुड़े बहुचर्चित बैंक धोखाधड़ी मामले में पहली चार्जशीट मुंबई स्थित विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल कर दी है। चार्जशीट में दो रिलायंस समूह की कंपनियों रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) सहित सात आरोपियों को नामजद किया गया है।

सीबीआई ने चार्जशीट में आरसीएफएल के पांच पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों देवांग प्रवीन मोदी (पूर्व निदेशक एवं सीईओ), रविंद्र सोमयाजुला राव (पूर्व निदेशक), धनंजय भगवानप्रसाद तिवारी (पूर्व निदेशक), राजेश कृष्णमूर्ति (पूर्व एग्जीक्यूटिव रिस्क ऑफिसर) तथा लव चतुर्वेदी (पूर्व चीफ रिस्क ऑफिसर) को भी आरोपी बनाया है। सभी पर आपराधिक षड्यंत्र रचकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से धोखाधड़ी करने का आरोप है।

सीबीआई जांच में सामने आया कि रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बैंकों से लिया गया ऋण मध्यवर्ती और फर्जी कंपनियों के माध्यम से





रिलायंस एडीए समूह की विभिन्न कंपनियों तक पहुंचाया गया। यह धन ऋण की शर्तों का उल्लंघन करते हुए स्थानांतरित किया गया, जिससे ऋण देने वाले बैंकों को भारी वित्तीय नुकसान हुआ और आरोपियों व संबंधित संस्थाओं को अनुचित लाभ मिला।

यह मामला बैंक ऑफ महाराष्ट्र और सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों के संघ (कंसोर्टियम) की शिकायतों के आधार पर दर्ज किया गया था। जांच के अनुसार 13 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को इस कथित धोखाधड़ी से 4,097 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सीबीआई ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है। अन्य निदेशकों, संबंधित कंपनियों और सार्वजनिक अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है तथा आगे पूरक चार्जशीट दाखिल की जाएगी। इस मामले में अब तक सीबीआई अमिताभ झुनझुनवाला (रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के पूर्व वाइस चेयरमैन), देवांग प्रवीन मोदी (आरसीएफएल के पूर्व सीईओ) और अमित बापना (रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी) को गिरफ्तार कर चुकी है। अमिताभ झुनझुनवाला और देवांग प्रवीन मोदी न्यायिक हिरासत में हैं, जबकि अमित बापना सीबीआई रिमांड पर हैं।

सीबीआई ने इससे पहले रिलायंस एडीए समूह से जुड़े मामलों में रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम), रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल), रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) और रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड (आरटीएल) के खिलाफ सात एफआईआर दर्ज की थीं। इससे पूर्व 29 मई 2026 को आरकॉम मामले में पहली चार्जशीट दाखिल की गई थी, जबकि यह रिलायंस एडीए समूह से जुड़े मामलों में दूसरी चार्जशीट है।

सीबीआई ने कहा कि इन मामलों की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जारी है और एजेंसी शीघ्र एवं व्यापक जांच के लिए प्रतिबद्ध है।

### नाई जैन मित्रमण्डल सोसायटी की नई कार्यकारिणी गठित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** नाई जैन मित्रमण्डल सोसायटी की आमसभा में वर्ष 2026-29 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। गिरीश कच्छारा को मुख्य संरक्षक, सुनील कोठारी को अध्यक्ष तथा महेंद्र सहलोत को महामंत्री चुना गया। बैठक में समाज के विकास, संगठन विस्तार, युवा सहभागिता, महिला सशक्तिकरण एवं नई समाजोपयोगी योजनाओं पर चर्चा की गई। वित्तीय प्रतिवेदन को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। महामंत्री धनराज लोढ़ा ने बताया कि नई कार्यकारिणी समाजहित के कार्यों को गति देने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

### उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई तक बढ़ी

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन एवं शिक्षण संस्थाओं द्वारा आवश्यक सूचनाएं अपडेट करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 जुलाई 2026 कर दी है। संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि शिक्षण संस्थाएं पोर्टल पर पंजीयन, नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, फीस स्ट्रक्चर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज 20 जुलाई तक अपडेट कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त सहित अन्य पात्र वर्गों के विद्यार्थी भी अब 20 जुलाई तक एसएसओ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन कर सकेंगे।

## राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, उदयपुर आने का दिया आमंत्रण

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**दिल्ली/उदयपुर।** मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य एवं समाजसेवी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। आत्मीय वातावरण में हुई इस मुलाकात के दौरान विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं विरासत संरक्षण से जुड़े विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई।

भेंट के दौरान डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने राष्ट्रपति को उदयपुर आने का सादर आमंत्रण देते हुए मेवाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों, लोक परंपराओं और जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उदयपुर और मेवाड़ की धरती सदियों से अपनी संस्कृति, आतिथ्य और गौरवशाली इतिहास के लिए विश्वभर में विशेष पहचान रखती है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उदयपुर की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक विरासत और मेवाड़ की अतिथि देवो भवः की गौरवशाली परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि मेवाड़ भारतीय संस्कृति, इतिहास और मूल्यों का



महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। उन्होंने इस सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों की भी प्रशंसा की। शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों के बीच भारतीय संस्कृति, विरासत संरक्षण तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने राष्ट्रपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका स्नेह और मार्गदर्शन समाजसेवा तथा सांस्कृतिक संरक्षण के कार्यों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

भेंट के अंत में डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने राष्ट्रपति का आत्मीय आतिथ्य एवं बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति का प्रस्तावित उदयपुर दौरा मेवाड़ की सांस्कृतिक एवं पर्यटन पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा।

## ऑपरेशन विश्वास में 10 हजार का इनामी डोडा तस्कर गिरफ्तार

**बालोतरा @ पदमावत मीडिया।** कल्याणपुर थाना पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत दो साल से फरार 10 हजार रुपये के इनामी डोडा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी 8 क्विंटल डोडा पोस्त तस्करी के मामले में वांछित था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी श्रवण कुमार अजमेर जिले के नसीराबाद सदर थाना में दर्ज एनडीपीएस प्रकरण में फरार था। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से उसे गिरफ्तार कर अनुसंधान अधिकारी के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## विश्वविख्यात वास्तुविद मंडन को समर्पित 'आर्किटेक्ट्स टॉवर' निर्माण का शुभारंभ

**उदयपुर में आकार ले रही देश की अनूठी स्थापत्य परियोजना, विज्ञान, संस्कृति और वास्तुकला का बनेगी प्रतीक**

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** भारतीय स्थापत्य परंपरा के महान आचार्य एवं विश्वविख्यात वास्तुविद मंडन की स्मृति को समर्पित देश की अपनी तरह की अनूठी परियोजना 'आर्किटेक्ट्स टॉवर' के निर्माण का शुभारंभ मंगलवार को शोभागपुरा स्थित जे.के. सर्किल पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ किया गया। लगभग 35 फीट ऊंचा प्रस्तावित यह टॉवर भारतीय वास्तुकला, वैज्ञानिक सोच और सृजनशील परंपरा का प्रतीक बनने के साथ उदयपुर की नई स्थापत्य पहचान के रूप में विकसित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं डॉ. विनोद जसकरण पोरवाल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. विनोद पोरवाल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रीफल वधेरा और निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर परियोजना के मुख्य सूत्रधार एवं प्रख्यात आर्किटेक्ट सुनील लड्ढा तथा तकनीकी सहयोगी आर्किटेक्ट प्रियंका कोठारी भी उपस्थित रहे।



अपने संबोधन में डॉ. विनोद पोरवाल ने कहा कि किसी भी सभ्यता की पहचान केवल उसकी भव्य इमारतों से नहीं होती, बल्कि उन रचनाकारों से होती है जिन्होंने अपनी कल्पनाशक्ति और कौशल से उन्हें आकार दिया। उन्होंने कहा कि 'आर्किटेक्ट्स टॉवर' समाज की ओर से उन सभी वास्तुविदों, शिल्पकारों और डिजाइनरों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने अपनी सृजनशीलता से मानव सभ्यता को नई दिशा दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह परियोजना उदयपुर की सांस्कृतिक एवं स्थापत्य विरासत को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान दिलाएगी। डॉ. पोरवाल ने आर्किटेक्ट सुनील लड्ढा की इस अभिनव संकल्पना की सराहना करते हुए कहा कि जब कोई विचार इतिहास, संस्कृति, विज्ञान और समाज को एक सूत्र में जोड़ता है, तभी वह कालजयी बनता है। उन्होंने कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को भारतीय स्थापत्य परंपरा और सृजनशीलता से जोड़ने का कार्य करेगा।

परियोजना के मुख्य सूत्रधार आर्किटेक्ट सुनील लड्ढा ने बताया कि यह टॉवर केवल एक स्थापत्य संरचना नहीं, बल्कि भारतीय शिल्प परंपरा और आधुनिक वास्तुकला के समन्वय का जीवंत प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि संभवतः यह देश का पहला सार्वजनिक स्मारक होगा, जो समूचे आर्किटेक्ट एवं डिजाइनर समुदाय को समर्पित रहेगा। इसका उद्देश्य समाज को यह संदेश देना है कि सभ्यताओं का निर्माण केवल शासकों ने नहीं, बल्कि उन्हें आकार देने वाले वास्तुविदों और शिल्पियों ने भी किया है।

उन्होंने बताया कि टॉवर की सबसे विशेष पहचान इसमें स्थापित होने वाली वर्टिकल सन डायल (धूप घड़ी) होगी, जिसकी संकल्पना भारत की ऐतिहासिक जंतर-मंतर वेधशालाओं से प्रेरित है। सूर्य की छाया के आधार पर समय और खगोलीय गणनाओं का सिद्धांत प्रस्तुत करने वाली यह धूप घड़ी भारतीय वैज्ञानिक विरासत, स्थापत्य विज्ञान और प्रकृति के अद्भुत सामंजस्य का प्रतीक बनेगी। साथ ही यह नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा, विज्ञान और वास्तुकला से जोड़ने का माध्यम भी बनेगी।

कार्यक्रम में जयदीप छाबड़ा, डॉ. सुरभि गांधी, हेमराज सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा आर्किटेक्ट्स, डिजाइनर्स, इंजीनियरों एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस परियोजना को उदयपुर के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण पहल बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि निर्माण पूर्ण होने के बाद 'आर्किटेक्ट्स टॉवर' स्थापत्य, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक विरासत का ऐसा अद्वितीय प्रतीक बनेगा, जो देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों, वास्तुविदों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा।

## खबर संक्षेप

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**भीनमाल @ पदमावत मीडिया।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष के निर्देश पर चितलवाना मंडल के झोटड़ा बूथ पर डॉ.



श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान और राष्ट्रीय एकता के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान गोवाराम पुरोहित, भवानीसिंह चौहान, चुन्नीलाल खेजड़ीयाली, अमरसिंह सिवाड़ा, भूराराम छीपा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विद्यालयों में नशामुक्ति और विधिक जागरूकता अभियान शुरू

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने परिवर्तनशील



मंगलवार अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों में नशामुक्ति एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, पोक्सो कानून, किशोर न्याय अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता और नाल्सा हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में शिकायत पेटिकाएं भी स्थापित की गईं, जिनमें विद्यार्थी नशे या अन्य समस्याओं से संबंधित शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। जिले के न्यायिक अधिकारी प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाएंगे।

### 50 साल पुरानी राजस्व समस्या का समाधान, 60 से अधिक किसान परिवारों को राहत


**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** ग्रामीण सेवा शिविर-2026 में ग्राम पंचायत महेंद्रगढ़ में 50 वर्षों से लंबित संयुक्त राजस्व खाते का



समाधान कर 60 से अधिक किसान परिवारों को राहत दी गई। इससे किसानों को भूमि स्वामित्व, नामांतरण, ऋण और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने का रास्ता साफ हुआ। शिविर में राजस्व विभाग ने सहमति से भूमि का बंटवारा कर अलग-अलग राजस्व अभिलेख तैयार किए। साथ ही 25 खातों में दर्ज 42 किसानों के राजस्व रिकॉर्ड की त्रुटियों का भी मौके पर ही सुधार किया गया। किसानों ने बताया कि अब उन्हें राजस्व संबंधी कार्यों के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समय पर योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

### प्रदेशभर में अवैध मदिरा के खिलाफ कार्रवाई तेज, हजारों लीटर वॉश नष्ट

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेशभर में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान जारी है।



विभिन्न जिलों में कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर वॉश, कच्ची भट्टियां और अवैध शराब नष्ट कर कई प्रकरण दर्ज किए गए। सीकर में संयुक्त कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में स्पिरिट और अवैध मदिरा जब्त की गई। हनुमानगढ़ में 4500 लीटर वॉश एवं 8 कच्ची भट्टियां, जबकि बांसवाड़ा में 3000 लीटर वॉश, 2 कच्ची भट्टियां और 35 बोतल अवैध हथकड़ शराब नष्ट की गई। चित्तौड़गढ़ में 500 लीटर वॉश नष्ट कर 30 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी विभाग ने बताया कि प्रदेशभर में नाकाबंदी, दबिश और सघन गश्त के माध्यम से अवैध मदिरा के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अभियान लगातार जारी रहेगा।

# इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के दिव्यांग क्रिकेट प्रमुख से मिले उमा शंकर शर्मा, भारत में दिव्यांग क्रिकेट के विकास पर हुई अहम चर्चा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**लंदन/जयपुर।** राजस्थान सरकार में दिव्यांगजन आयुक्तालय के पूर्व राज्य आयुक्त एवं दिव्यांगजन अधिकारों के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय उमा शंकर शर्मा ने लंदन में इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के दिव्यांग क्रिकेट प्रमुख इयान मार्टिन से मुलाकात कर भारत में दिव्यांग क्रिकेट के विकास तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान उमा शंकर शर्मा ने भारत में दिव्यांग क्रिकेट की वर्तमान स्थिति, खिलाड़ियों की प्रतिभा तथा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2007 में संयुक्त राष्ट्र दिव्यांगजन अधिकार अभिसमय का अनुमोदन किया तथा इसके अनुरूप





दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 लागू कर दिव्यांगजनों के अधिकारों की कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित की है। शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान राजस्थान में दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए किए गए प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के प्रभावी क्रियान्वयन, सुगम्य वातावरण के निर्माण और दिव्यांग व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया।

बैठक में भारत और ब्रिटेन के बीच दिव्यांग क्रिकेट के विकास, खिलाड़ियों के आदान-प्रदान, प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग तथा भविष्य में संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करने जैसे विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। साथ ही दिव्यांग क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल आयोजनों की मुख्यधारा में शामिल कराने के लिए भी प्रयास करने पर सहमति बनी।

ईसीबी के दिव्यांग क्रिकेट प्रमुख इयान मार्टिन ने कहा कि दिव्यांग क्रिकेट जैसे प्रयास न केवल खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में समानता, समावेशिता और सम्मान की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने भारत के साथ इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी जताई।

# मेडिकल वेस्ट और कचरा प्रबंधन को लेकर फूटा जनाक्रोश, सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** शहर में ठोस कचरा, बायो-मेडिकल वेस्ट के अवैध निस्तारण, डंपिंग यार्ड की बदहाल स्थिति तथा गौवंश की लगातार हो रही मौतों को लेकर शहरवासियों, गौभक्तों और विभिन्न सामाजिक संगठनों में भारी रोष है। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने उपखंड अधिकारी को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि शहर की ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। नगर के विभिन्न हिस्सों में खुले में कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जहां प्लास्टिक, सड़ा-गला कचरा तथा अस्पतालों से निकलने वाला खतरनाक बायो-मेडिकल वेस्ट सामान्य कचरे के साथ मिला हुआ है। इससे पूरे शहर में दुर्गंध फैलने के साथ संक्रमण और महामारी का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि शहर में घूम रहे बेसहारा गौवंश इसी जहरीले एवं



प्लास्टिक युक्त कचरे को खाने के लिए मजबूर हैं। इसके कारण कई गौवंश बीमार हो रहे हैं और उनकी मौतें भी हो रही हैं। सामाजिक संगठनों ने इसे केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि धार्मिक और सामाजिक भावनाओं से जुड़ा गंभीर विषय बताया।

ज्ञापन में डंपिंग यार्ड स्थित जैविक खाद निर्माण प्लांट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। आरोप लगाया गया कि लगभग दो वर्षों से प्लांट बंद पड़ा हुआ है, जिसके कारण नगर का कचरा खुले में सड़ रहा है। सामाजिक संगठनों ने इसे सार्वजनिक धन के दुरुपयोग और प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण बताते हुए इसकी तकनीकी एवं प्रशासनिक जांच की मांग की।

सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो होगा जन आंदोलन

ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को चेतावनी दी गई कि यदि सात दिनों के भीतर प्रभावी कार्रवाई शुरू नहीं की गई तो शहरवासी, गौभक्त, सामाजिक संगठन एवं विभिन्न जनप्रतिनिधि लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन शुरू करेंगे। इसमें अखंड धरना, जन-जागरण अभियान, विशाल प्रदर्शन तथा आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की शरण लेने की बात कही गई।

ज्ञापन में सात प्रमुख मांगें रखी गई हैं, जिनमें बंद पड़े खाद निर्माण प्लांट को पुनः शुरू करना, मेडिकल वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था लागू करना, जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करना, खुले कचरे के ढेर हटाना, गौवंश सुरक्षा अभियान चलाना तथा पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराना शामिल है।

संवाददाता माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर ओमप्रकाश विश्नोई, शेखर व्यास, नरेश अग्रवाल, सुरेश पारीक, राव विक्रमसिंह आर्य, दिनेश दवे, ओमप्रकाश माहेश्वरी, किशोर सांखला, संजीव माथुर, श्याम खेतावत, पारस मोदी, करण बंजारा, राजूभाई एवं कृष्ण राजपुरोहित सहित बड़ी संख्या में गौभक्त एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चार पहिया वाहन के बावजूद राशन योजना का लाभ लेने पर नोटिस

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिला रसद विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सराड़ा तहसील के झाडोल निवासी एक लाभार्थी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आरोप है कि चार पहिया वाहन होने के बावजूद वह अंत्योदय अन्न योजना का लाभ ले रहा था। जिला रसद अधिकारी भागूराम महला ने बताया कि संबंधित व्यक्ति से सात दिन में लिखित जवाब मांगा गया है। संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने या आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार वसूली सहित आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सायरा थाना पुलिस की कार्रवाई: 16 साल से फरार दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सायरा थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों आरोपी वर्ष 2010 से दर्ज प्रकरण में पिछले 16 वर्षों से फरार चल रहे थे और उनकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किए गए थे। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल तथा वृत्ताधिकारी गोपाल चंदेल के सुपरविजन में सायरा थानाधिकारी कानाराम सिरोही के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए हरा पुत्र तेजाराम तथा चेना पुत्र वक्ताराम, निवासी माजावड़ा, थाना सायरा को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की गई।

### कानोड़ थाना पुलिस की बड़ी सफलता:

## 48 घंटे में बुजुर्ग महिला की हत्या और लूट का खुलासा, पड़ोसी ही निकला हत्यारा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** कानोड़ थाना पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर बुजुर्ग महिला की हत्या और लूट की सनसनीखेज वारदात का पदार्फाश करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात को अंजाम देने वाला कोई बाहरी बदमाश नहीं, बल्कि मृतका का पड़ोसी निकला, जो पहचान उजागर होने के डर से हत्या कर फरार हो गया था।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल तथा वृत्ताधिकारी श्रवणदास के सुपरविजन में कानोड़ थानाधिकारी हुकम सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मामले का खुलासा किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी ईश्वर उर्फ ईशु (25) निवासी गढ़ी, प्रतापगढ़ (हाल निवासी कुम्हारों का मोहल्ला, कानोड़) को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार कुम्हारों का मोहल्ला निवासी 75 वर्षीय घीसीबाई अपने घर पर अकेली रहती थीं। घटना वाले दिन आरोपी उनके घर पहुंचा और मौका पाकर उनके गले से सोने का मादलिया लूट लिया। आरोपी को आशंका हुई कि बुजुर्ग महिला उसे पहचान चुकी है और पुलिस में शिकायत कर सकती है। इसी डर से उसने धारदार हथियार से उनका गला रेत दिया। घायल महिला को उपचार के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में एमबी चिकित्सालय उदयपुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, मानव सूचना तंत्र और सघन जांच का सहारा लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार वारदात के बाद शक से बचने के लिए आरोपी घायल महिला के उपचार के दौरान अस्पताल के आसपास भी घूमता रहा, ताकि किसी को उस पर संदेह न हो। मामले में आगे की जांच जारी है।

# नशामुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी सबसे बड़ी ताकत : कलेक्टर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** युवाओं को ड्रग्स एवं अन्य मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से जिला पुलिस, जाह्नवी कला परिषद एवं साउंड ऑफ लाइफ के संयुक्त प्रयास से निर्मित शॉर्ट वेब फिल्म 'शिकंजा' के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा, पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा तथा उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने कहा कि समाज को नशे जैसी गंभीर सामाजिक बुराई से मुक्त करने के लिए केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यापक जनजागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को समय रहते नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से राजसमंद पुलिस के सहयोग से तैयार की गई शॉर्ट वेब फिल्म 'शिकंजा' एक प्रभावी जनजागरूकता पहल है, जो मनोरंजक एवं संदेशपरक प्रस्तुति



के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देगी।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल की प्रेरणा से तैयार की गई लगभग 30 मिनट की इस लघु फिल्म में युवाओं में बढ़ती ड्रग्स की लत, उसके सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्परिणाम तथा नशे से होने वाली हानियों को प्रभावशाली ढंग से दशार्या गया है। फिल्म का उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करना तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति व्यापक जनचेतना का वातावरण तैयार करना है।


कलेक्टर ने आमजन से फिल्म को देखने और अधिक से अधिक लोगों तक साझा करने की अपील करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही नशामुक्त समाज का लक्ष्य साकार किया जा सकता है। वेब फिल्म का निर्माण जाह्नवी कला परिषद एवं साउंड ऑफ लाइफ ने जिला पुलिस के सहयोग से किया है। फिल्म में युवाओं में बढ़ती ड्रग्स की लत, सामाजिक अस्वीकृति, पारिवारिक विघटन तथा इसके दुष्परिणामों को संवेदनशील एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश पहुंच सके। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक (पशुपालन) डॉ. सतीश शर्मा, फिल्म निर्देशक मनोज पोरवाड़, डॉ. जगदीश जीनगर, प्रेम शंकर भट्ट, महेंद्र कुमावत, दिनेश कुमार सालवी, संतोष अग्रवाल, सुरेश भाट, शिव कुमार खेड़ सहित फिल्म से जुड़े कलाकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय वन्यजीव संरक्षण के दो अहम आयोजनों में शामिल होंगे उदयपुर के राहुल भटनागर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** उदयपुर निवासी, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के सदस्य एवं सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक राहुल भटनागर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले वन्यजीव संरक्षण के दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। उनकी भागीदारी को राजस्थान, विशेषकर मेवाड़ क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

पहला कार्यक्रम राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की 29वीं बैठक है, जो 9 जुलाई को सेंट्रल एकेडमी फॉर स्टेट फॉरेस्ट सर्विस (उअरत्र्रहर), कोयम्बटूर में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा ठळउअ के अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव करेंगे। बैठक में देशभर में बाघ संरक्षण, वन्यजीव प्रबंधन, संरक्षित क्षेत्रों के प्रभावी संचालन तथा संरक्षण से जुड़े विभिन्न नीतिगत विषयों पर विचार-



विमर्श किया जाएगा।

इसके अगले दिन 10 जुलाई को कोयम्बटूर स्थित रेडिसन ब्लू होटल में मानवझ्रवन्यजीव संघर्ष विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव होंगे, जबकि केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रीय कार्यशाला में मानव- हाथी संघर्ष, मानवझ्रबड़े मांसाहारी वन्यजीव संघर्ष, आधुनिक तकनीक एवं नवाचार आधारित समाधान, अन्य वन्यजीवों से होने वाले संघर्ष तथा भविष्य की रणनीतियों पर देशभर के विशेषज्ञ मंथन करेंगे। इस अवसर पर मानवझ्रवन्यजीव संघर्ष पोर्टल का शुभारंभ, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का लोकार्पण तथा इस विषय पर राष्ट्रीय प्रकाशन भी जारी किया जाएगा।

वन्यजीव संरक्षण, बाघ संरक्षण एवं मानव- वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन के क्षेत्र में लंबे अनुभव रखने वाले राहुल भटनागर की इन राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहभागिता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके अनुभव और सुझाव देश में वन्यजीव संरक्षण की नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने में उपयोगी सिद्ध होंगे।

## पीएमसीएच दवा खरीद घोटाले में ईडी की पूरक कार्रवाई

**पटना @ पदमावत मीडिया।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमसीएच दवा खरीद घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ओम प्रकाश पांडेय समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ विशेष पीएमएलए अदालत, पटना में पूरक अभियोजन शिकायत दाखिल की है। जांच में 12.63 करोड़ रुपये के सरकारी नुकसान का मामला सामने आया है। ईडी ने पहले 3.14 करोड़ रुपये और अब 3.01 करोड़ रुपये की अतिरिक्त संपत्ति कुर्क कर जब्ती की कार्रवाई शुरू की है। मामले की जांच जारी है।

## अपोलो ग्रीन एनर्जी के पूर्व सीएफओ को ईडी ने किया गिरफ्तार

**गुरुग्राम @ पदमावत मीडिया।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी राकेश गुप्ता को गिरफ्तार किया है। चार समन की अनदेखी के बाद गैर-जमानती वारंट के आधार पर की गई कार्रवाई में अदालत ने आरोपी को पांच दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया। जांच 200 करोड़ रुपये के निजी ऋण विवाद और संगठित अपराध से जुड़े आरोपों से संबंधित है। मामले में ईडी पहले ही 90.04 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क कर चुकी है।

## चारदीवारी संरक्षण पर कार्यशाला आज

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर एवं ड्रोना फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को चारदीवारी क्षेत्र के संरक्षण विषय पर कार्यशाला आयोजित होगी। इसमें चारदीवारी क्षेत्र के व्यापारिक संगठनों, संस्थाओं और अन्य हितधारकों को विरासत संरक्षण संबंधी नियमों की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य जयपुर की विश्व धरोहर चारदीवारी के ऐतिहासिक एवं स्थापत्य महत्व के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना है। इसमें निवासी, व्यापारी, शिल्पकार, महिलाएं और युवा भी भाग लेंगे।

# ब्रोमो के नाम पर पीओपी भेजकर तस्करों से 6.5 लाख की ठगी, एएनटीएफ ने मुख्य सप्लायर को दबोचा

## ऑपरेशन विषवाहिनी में बड़ी सफलता, खुद ही मुखबिरी कर टैंकर पकड़वाकर छिपाना चाहता था धोखाधड़ी का राज

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने ऑपरेशन विषवाहिनी के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य सप्लायर मांगीलाल विश्नोई को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने प्रतिबंधित ब्रोमो केमिकल उपलब्ध कराने का झांसा देकर अपने ही तस्कर साथियों से करीब 6.5 लाख रुपये ऐंठ लिए और ब्रोमो की जगह ड्रमों में पीओपी (कैल्शियम सल्फेट) भरकर राजस्थान भेज दिया। इसके बाद अपनी ठगी छिपाने के लिए उसने खुद ही मुखबिर के माध्यम से पुलिस को सूचना देकर टैंकर पकड़वा दिया।

महानिरीक्षक पुलिस (एएनटीएफ) विकास कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा तथा अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के निर्देशन में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मई 2026 में शुरू किए गए ऑपरेशन विषवाहिनी के दौरान नेशनल हाईवे-68 पर संदिग्ध ड्रमों से भरे एक टैंकर को पकड़ा गया था। इस मामले में पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि मुख्य सप्लायर मांगीलाल विश्नोई हैदराबाद, चेन्नई, महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश में ठिकाने बदलकर फरार चल रहा था। तकनीकी और मानवीय आसूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।





### 3,750 रुपये की पीओपी भेजकर ठगे लाखों रुपये

पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि सांचौर-बाड़मेर क्षेत्र के तस्करों ने हैदराबाद से प्रतिबंधित ब्रोमो केमिकल मंगवाने के लिए उससे सौदा किया था। ब्रोमो उपलब्ध नहीं होने पर उसने मात्र 3,750 रुपये की पीओपी खरीदकर ड्रमों में भर दी, उन पर ब्रोमो के स्टिकर चिपकाए और टैंकर से राजस्थान रवाना कर दिया। उसने ड्रम लोड करने का वीडियो भी तैयार कराया और वही वीडियो मुखबिर के जरिए पुलिस तक पहुंचा दिया, ताकि टैंकर रास्ते में पकड़ा जाए और तस्करों को लगे कि उनका माल पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### 10 रुपये के नोट से किया हवाला का लेन-देन

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने हवाला के जरिए रकम मंगाने के लिए 10 रुपये के नोट का अनोखा तरीका अपनाया। उसने हैदराबाद में अपने चाचा से 10 रुपये के नोट की फोटो मंगवाई और उसे सांचौर के तस्करों को भेज दिया। तस्करों ने स्थानीय हवाला कारोबारी को रकम सौंपी, जबकि हैदराबाद में आरोपी के चाचा ने उसी नोट के सीरियल नंबर के आधार पर हवाला ऑपरेटर से पैसे प्राप्त कर लिए। इसी तरह 1 और 10 रुपये के नोटों के सीरियल नंबरों का इस्तेमाल कर लाखों रुपये का हवाला लेन-देन किया गया।

एएनटीएफ की विशेष टीमों ने हैदराबाद में पीओपी व्यापारियों, टैंकर संचालकों और हवाला कारोबारियों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया। आरोपी का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है। उसके डिजिटल विश्लेषण से तस्करी नेटवर्क, हवाला लेन-देन और अन्य राज्यों में सक्रिय गिरोहों से जुड़े कई अहम खुलासे होने की संभावना है। मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

एएनटीएफ ने आमजन से अपील की है कि मादक पदार्थों की तस्करी या अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना एएनटीएफ कंट्रोल रूम 0141-2502877 अथवा व्हाट्सएप नंबर 9261225056 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# दक्षिण अंडमान पुलिस का जनजागरण अभियान तेज: नशा मुक्त समाज के लिए जिलेभर में चलाया व्यापक जागरूकता अभियान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**श्री विजयपुरम।** दक्षिण अंडमान पुलिस ने 'नशा मुक्त भारत, विकसित भारत' अभियान के तहत जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। अभियान का उद्देश्य युवाओं, व्यापारियों, वाहन चालकों, स्थानीय नागरिकों और विभिन्न समुदायों को नशे के खिलाफ जागरूक कर समाज को नशामुक्त बनाने में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

अभियान के तहत अबरडीन और पहाड़गांव थाना पुलिस ने रत्ना मार्केट, गराचरमा और प्रोथरपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। वहीं आर.के.पुर थाना पुलिस ने आर.के.पुर सब्जी बाजार और वी.के.पुर बाजार में दुकानदारों, खरीदारों और युवाओं को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी दी।

चाथम थाना पुलिस ने हैड्डो, चाथम ब्रिज, काली माता मंदिर और बुनियादाबाद जंक्शन क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने तथा नशे से जुड़े अपराधों की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। वहीं हम्फ्रीगंज थाना पुलिस ने मंगलुट्टन खेल मैदान तथा ओग्राब्राज थाना पुलिस ने चौलदारी बाजार और फेरारगंज बाजार में युवाओं एवं आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से संबंधित गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।









शहीद द्वीप थाना पुलिस ने नील केंद्र बाजार में स्थानीय लोगों को नशीले पदार्थों और शराब के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा स्वराज द्वीप में गोविंद नगर, विजय नगर नंबर-3 एवं 5 तथा काला पत्थर गांव में आयोजित कार्यक्रमों में परिवारों और समाज पर नशे के दुष्प्रभावों तथा सामुदायिक सतर्कता की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई।

दक्षिण अंडमान पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना मानस हेल्पलाइन-1933, पुलिस आपातकालीन नंबर-112 अथवा व्हाट्सएप नंबर 9531856080 पर दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस का कहना है कि जनसहभागिता के माध्यम से ही नशामुक्त, सुरक्षित और स्वस्थ अंडमान का निर्माण संभव है।

# सही समय पर सही निर्णय से ही सफलता : प्रशांत अग्रवाल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान में चार दिवसीय 'अपनों से अपनी बात' कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से दिव्यांगता सुधार सर्जरी एवं कृत्रिम अंग व कैलिपर्स लगवाने आए दिव्यांगजन और उनके परिजनों से संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने संवाद करते हुए उन्हें जीवन में कभी हार न मानने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि जीवन में सुख-दुःख का एक चक्र है, जो सदैव घूमता रहता है। ऐसे में हमें संतुलित रहते हुए अपने मार्ग को चिन्हित करना और आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र में जितने भी प्रेरणास्पद व्यक्तित्व हुए हैं, उन्होंने सही समय पर सही निर्णय किए, इसलिए वे सफल हो पाए। निर्णय सही हो लेकिन वह गलत समय पर लिया जाय तो नुकसानदेह साबित होगा। प्रभु विवेक देते हैं, लेकिन उसका उपयोग मनुष्य को स्वयं करना होता है। गुरु मार्ग बताते हैं, लेकिन उस पर चलने या




न चलने का निर्णय शिष्य का अपना होता है। चिकित्सक दवा लिखते हैं, लेना न लेना रोगी पर निर्भर होता है। कुल मिलाकर निर्णय लेते समय हमारे भीतर विवेक, समय और नैतिक मूल्यों का दीपक जलते रहना चाहिए। सही निर्णय स्वयं को ही नहीं, बल्कि समाज और भावी पीढ़ियों तक को प्रभावित करते हैं। इसलिए पूरे सोच-विचार से हर कदम उठाने की आवश्यकता है।

इस संवाद कार्यक्रम में प्रकाश मेघवाल (इंदौर), विक्रम सिंह (शाहजहांपुर), मुबारक हुसैन (निम्बाहेड़ा), मुकेश कुमार (वैशाली, बिहार) आरती मीणा (प्रतापगढ़) और सुभाष सोलंकी (बांसवाड़ा) आदि ने भी अपनी दिव्यांगता से पूर्व और उसके बाद के जीवन संघर्ष और अनुभवों को साझा किया।

## लूटकांड में बरामद 30 लाख रुपये पीड़ित ज्वेलर्स को लौटाए

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** राजसमंद पुलिस ने वर्ष 2023 के रूपम गोल्ड ज्वेलर्स लूटकांड में बरामद 30 लाख रुपये न्यायालय के आदेश पर पीड़ित व्यापारी को सौंप दिए। राशि कांकरोली थाना पुलिस ने विधिक प्रक्रिया पूरी कर ज्वेलर्स संचालक संजय सोनी को सुपुर्द की। पुलिस ने इस मामले में पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए आभूषण बेचकर प्राप्त 30 लाख रुपये बरामद किए थे। राशि मिलने पर ज्वेलर्स संचालक ने राजसमंद पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वीकेआई क्षेत्र में मोबाइल कोर्ट ने विशेष जांच अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने और यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट विजय कुमार सिरोहीवाल के निर्देशन में सीकर रोड पर हुई कार्रवाई में नाकाबंदी तोड़कर भागने का प्रयास करने वाली एक कार, शराब पीकर चल रही एक बस और एक ट्रैक्टर जब्त किए गए। सहायक अभियोजन अधिकारी दिनेश लोहिया ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



# राज उन्नति बैठक की तैयारियां तेज, कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** आगामी राज उन्नति बैठक की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभागवार तैयारियों का जायजा लिया और सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा में सौंपे गए कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए पीएचईडी को नोडल विभाग की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि राज उन्नति बैठक की तैयारियों में किसी प्रकार की कमी न रहे। कलेक्टर ने नगर परिषद को दोहरे पट्टों के मामलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। वहीं सभी उपखंड अधिकारियों से कहा कि जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाया जा चुका है, वहां दोबारा अतिक्रमण न हो, इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।



बैठक में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन जन अभियान एवं संपर्क पोर्टल की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर 14 दिनों से अधिक समय से लंबित परिवेदनाओं की अधिकारी स्वयं निगरानी करें तथा उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इसके साथ ही कलेक्टर ने समाचार पत्रों एवं डिजिटल मीडिया में प्रकाशित नकारात्मक खबरों पर संबंधित विभागों को तत्काल तथ्यात्मक कार्रवाई कर समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिले के सभी उपखंड अधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

# होमबायर्स धोखाधड़ी मामलों में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, बिल्डर कंपनियों, निदेशकों और बैंक अधिकारियों के खिलाफ 14वीं व 15वीं चार्जशीट दाखिल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने देशभर में होमबायर्स से कथित धोखाधड़ी के मामलों की जांच के तहत एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 14वीं और 15वीं चार्जशीट दाखिल की है। ये चार्जशीट बेंगलुरु स्थित विशेष सीबीआई अदालत में एम/एस इथाका एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, उसके निदेशक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकारियों तथा एम/एस एलजीसीएल अर्बन होम्स (इंडिया) एलएलपी और उसके निदेशक के खिलाफ पेश की गई हैं। सीबीआई जांच में सामने आया कि बिल्डर कंपनियों के निदेशकों ने बैंक अधिकारियों और अन्य निजी व्यक्तियों के साथ कथित साजिश कर फ्लैट खरीदारों एवं निवेशकों को झूठे आश्वासन और भ्रामक वादों के जरिए परियोजनाओं में निवेश के लिए प्रेरित किया। इसके बाद अवैध और भ्रामक तरीकों से आर्थिक लाभ प्राप्त किया गया। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, पद के दुरुपयोग तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है। सीबीआई ने बताया कि वह सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत देशभर में विभिन्न बिल्डर कंपनियों और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ दर्ज 34 अन्य मामलों की भी जांच कर रही है। इन मामलों में फ्लैट खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी और धन के दुरुपयोग के आरोप शामिल हैं। सीबीआई इससे पहले रुद्रा बिल्डवेल कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड, ड्रीम प्रोकोन प्राइवेट लिमिटेड, जयपी इंफ्राटेक लिमिटेड, एवीजे डेवलपर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, सीएचडी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, सीक्वेल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड, लॉजिक्स सिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, मंजू जे होम्स इंडिया लिमिटेड, शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, नाइनेक्स डेवलपर्स लिमिटेड, डिसेंट बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड तथा रुद्रा बिल्डवेल प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड सहित कई बिल्डर कंपनियों, उनके निदेशकों और विभिन्न बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के खिलाफ 13 चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। सीबीआई ने कहा कि आर्थिक अपराध, भ्रष्टाचार और आम नागरिकों, विशेषकर होमबायर्स के हितों को प्रभावित करने वाले मामलों में जवाबदेही सुनिश्चित करने और दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के लिए एजेंसी प्रतिबद्ध है।




# डॉ. अतुल लुहाड़िया को राष्ट्रीय स्तर की ब्रोंकोलॉजी फेलोशिप, राजस्थान से रहे एकमात्र चयनित चिकित्सक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चेस्ट एवं टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल लुहाड़िया को इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारतीय ब्रोंकोलॉजी एसोसिएशन की प्रतिष्ठित एफआईएबी (फेलोशिप ऑफ इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी) से सम्मानित किया गया। पुणे में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन ब्रोंकोकॉन-2026 के दौरान उन्हें यह सम्मान एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर. पी. मीणा एवं सचिव डॉ. अमिता नेने ने प्रदान किया। इस वर्ष राजस्थान से इस प्रतिष्ठित फेलोशिप के लिए चयनित होने वाले डॉ. लुहाड़िया एकमात्र चिकित्सक रहे। डॉ. लुहाड़िया ने अपनी उपलब्धि का श्रेय पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रबंधन, साथी चिकित्सकों, विद्यार्थियों और परिवार को दिया। संस्थान के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने उन्हें इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## खबर संक्षेप

### शहरी सेवा शिविर में मौके पर मिला योजनाओं का लाभ

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** शहरी सेवा शिविर-2026 के तहत मंगलवार को मुरलीपुरा और सांगानेर जोन में शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में जन्म-मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र, पीएम स्वनिधि योजना, पट्टे और अन्य प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। मुरलीपुरा जोन में 53 तथा सांगानेर जोन में 29 प्रमाण पत्र तत्काल जारी किए गए। पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत कर चेक वितरित किए गए, वहीं पट्टों के प्रकरणों का भी निस्तारण किया गया। नगर निगम ने बताया कि आज मानसरोवर जोन कार्यालय और विद्याधर नगर जोन कार्यालय में शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां आमजन को विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ मिलेगा।



### ग्रामीण सेवा शिविर में 60 लाभार्थियों को आवास किश्त

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** धमोत्तर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बावड़ीखेड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में 60 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय एवं तृतीय किश्त जारी की गई। साथ ही आवास पट्टे, विवाह व मृत्यु प्रमाण पत्र तथा मंगला पशु बीमा पत्र भी वितरित किए गए। शिविर में 150 से अधिक ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ लिया। मौके पर ही भूमि नामांतरण, प्रमाण पत्र जारी करने सहित कई प्रकरणों का निस्तारण किया गया। अंत में हरियालो राजस्थान और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि 8 जुलाई को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।



### एनएच-162ई की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देश पर मंगलवार को बड़गांव उपखंड क्षेत्र के ग्राम कठार और तुला में एनएच-162ई की अधिग्रहित भूमि पर किए गए अतिक्रमण हटाए गए। कार्रवाई हाईवे अथॉरिटी, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने की। एसडीएम मनसुख डामोर ने बताया कि बड़गांव क्षेत्र में हाईवे-162ई पर 85 स्थानों पर अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। सभी अतिक्रमणों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी।



### सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिकों का 130वां स्नेह मिलन आयोजित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों का 130वां द्विमासिक स्नेह मिलन समारोह एमपीयूएटी गेस्ट हाउस में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भजन, कविता पाठ, गीत, प्रेरक प्रसंग और स्वास्थ्य विषयक जानकारी साझा की गई। समारोह में पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक मूल्यों और स्वस्थ जीवन पर विचार रखे गए। नए सदस्यों का स्वागत किया गया तथा इस माह जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ वाले सदस्यों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एल.एस. जैन ने की। संचालन डॉ. विमल शर्मा तथा आभार डॉ. एस.सी. भारद्वाज ने व्यक्त किया।



### स्वाधीनता दिवस तैयारियों को लेकर बैठक 20 जुलाई को

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** स्वाधीनता दिवस-2026 के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में 20 जुलाई को बैठक आयोजित होगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) जितेंद्र ओझा ने बताया कि बैठक शाम 4:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट के मिनी सभागार में होगी। सभी संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय परिसर में 28 पौधे लगाए, 500 पौधरोपण का लक्ष्य

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** रामकिशन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं गुरुकुल



महाविद्यालय परिसर में हरियालो राजस्थान और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 28 पौधे लगाए गए। इनमें 20 फलदार पौधे भी शामिल हैं। निदेशक दिनेश माली ने बताया कि आगामी दिनों में जामुन, आड़ू, आम और नीम सहित 472 पौधे और लगाए जाएंगे। संस्थान ने इस वर्ष 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। परिसर में लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल की जाती है तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व की जानकारी भी दी गई।

### हरियालो राजस्थान अभियान में अधिकतम पौधरोपण के निर्देश

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपर्क पोर्टल, सीपी



ग्राम, ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर तथा हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सेवा शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निस्तारण कर पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी विभागों को अधिकतम पौधरोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर नरेश बुनकर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल ने पांच दिनों में पूरे किए 28 सेवा प्रकल्प

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** महावीर इंटरनेशनल उदयपुर ने सेवा पखवाड़े के तहत पांच दिनों में 28 जनसेवा प्रकल्प पूरे किए।



इस दौरान जरूरतमंदों को वस्त्र, राशन किट और छातों का वितरण किया गया तथा थैलेसीमिया जागरूकता, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्था ने 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का समापन कर 20 महिलाओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए। डॉक्टर दिवस और सीए दिवस पर चिकित्सकों व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान भी किया गया। अध्यक्ष वीर रविंद्र सुराणा ने बताया कि 1 से 14 जुलाई तक चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत समाजहित के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सैकड़ों लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

### ग्रामीण सेवा शिविर बना वरदान: वर्षों पुरानी राजस्व त्रुटि हुई दूर

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहे हैं। ग्राम पंचायत वाटी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में वर्षों से लंबित एक राजस्व प्रकरण का मौके पर समाधान करते हुए जोधा का तालाब निवासी 66 वर्षीय अम्बाव सिंह पुत्र धन सिंह खरवड़ को राजस्व अभिलेखों में उनकी सही पहचान दिलाई गई। राजस्व अभिलेखों में नाम एवं पिता के नाम की गलत प्रविष्टि के कारण अम्बाव सिंह को लंबे समय से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

---

पेनेलोप क्रूज ने पति के साथ रिश्ते को लेकर की बात, बोलीं-

## मैं अभी भी सीख रही हूं



**लॉस एंजिल्स ।** हॉलीवुड अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने पति के साथ अपने रिश्ते के अनुभव का साझा किया है। उनका कहना है कि पति जेवियर बार्डेम के साथ उनका रिश्ता सीखने का एक अनुभव रहा है। 'पीपल' मैगजीन की रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने कहा कि शादी के 15 साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी वह अपने पति जेवियर बार्डेम के साथ अपने रिश्ते में 'अभी भी सीख रही हैं'। 52 वर्षीय अभिनेत्री ने अपनी नई फिल्म 'द इनवाइट' के प्रमोशन के दौरान अपने रिश्ते के बारे में बात की। उनका मानना ??है कि ओलिविया वाइल्ड के डायरेक्शन में बनी कॉमेडी फिल्म एक डिनर पार्टी में दो जोड़ों के रिश्तों पर आधारित है। उनका कहना है कि लोगों को ऐसी कहानियां इसलिए इतनी पसंद आती है, क्योंकि बहुत से लोग अपने पार्टनर के बारे में नई-नई बातें पता करते रहते हैं, चाहे वे कितने भी समय से साथ क्यों न हों।





उन्होंने मैगजीन से कहा, 'मुझे लगता है कि मैं (अपने रिश्ते में) अभी भी सीख रही हूं, आप जानते हैं? और मैं ऐसे व्यक्ति के साथ हूं जिसे मैं 33 साल से जानती हूं। मैं उस व्यक्ति को सच में जानती हूं, लेकिन बात यह है कि क्या कोई ऐसा दिन आता है जब आप सच में खुद को जान पाते हैं? नहीं। तो अपने पार्टनर के साथ भी ऐसा ही है। अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज और 57 वर्षीय उनके पति जेवियर बार्डेम की पहली मुलाकात 1992 में स्पैनिश डार्क कॉमेडी 'जामोन जैमोन' की शूटिंग के दौरान हुई थी। मैगजीन के अनुसार, उनके बीच रोमांटिक रिश्ता तब तक नहीं बना जब तक कि वे 2008 की फिल्म 'विकी क्रिस्टीना बार्सिलोना' के लिए दोबारा साथ नहीं आए। कॉमेडी-ड्रामा के सेट पर बिताए समय को याद करते हुए उन्होंने कहा, 'हममें से कोई भी पहल नहीं कर रहा था। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे नहीं पता कि हम शर्मीले थे या बहुत ज्यादा प्रोफेशनल बनने की कोशिश कर रहे थे। शूटिंग का आखिरी दिन आ गया और कुछ नहीं हुआ। तो मैंने सोचा, 'अरे यार, बेहतर होगा कि हम ड्रिंक कर लें।' किस्मत से हमारे एक दोस्त ने रैप पार्टी रखी और बस, बाकी तो इतिहास है। भगवान का शुक्र है।' 2024 में 'जेंटलमैन जर्नल' के साथ एक इंटरव्यू में जेवियर बार्डेम ने कहा कि उनके खास रिश्ते की एक वजह यह है कि वे मशहूर होने से पहले से ही एक-दूसरे को जानते थे। एक्टर ने कहा था, 'हम एक-दूसरे से तब मिले और एक-दूसरे को तब जाना, जब कोई शोर-शराबा नहीं था, सफलता नहीं मिली थी और कोई हमें अलग नजरिए से नहीं देखता था (यानी हम जो अब बन गए हैं) उस वजह से नहीं। बता दें कि पेनेलोप क्रूज और जेवियर बार्डेम अपने रिश्ते को काफी निजी रखते हैं। दोनों ने जुलाई 2010 में बहामास में एक निजी समारोह में शादी की थी। उनके दो बच्चे हैं। बेटे लियो का जन्म 2011 में हुआ था। जबकि बेटी लूना एनसिनास क्रूज का जन्म 2013 में हुआ था।

---

'द अलायंस': सोहेल खान के गले लगकर फूट-फूटकर रोईं नीति टेलर, बोलीं-

## जिंदगी ने बहुत ठुकराया है

रियलिटी शो 'द अलायंस' में अभिनेत्री नीति टेलर उस समय इमोशनल हो गईं, जब अभिनेता सोहेल खान ने उन्हें नॉमिनेट कर दिया। नॉमिनेशन के बाद नीति अपने आंसू नहीं रोक पाईं और उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में लगातार ठुकराए जाने के अनुभवों ने उन्हें अंदर से काफी कमजोर कर दिया है। नॉमिनेशन के बाद सोहेल खान ने नीति को समझाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'नीति, मुझे सच में बहुत दुख है। यह बिल्कुल भी पर्सनल नहीं है।' आंसू रोकते हुए नीति ने जवाब दिया, ''मुझे पता है कि किसी न किसी को हर हफ्ते घर जाना होता है। यह एक गेम है और मैं यह बात समझती हूं। मैंने अपनी तरफ से सौ प्रतिशत दिया। लेकिन, मुझे बहुत बुरा लगा। शायद इसलिए भी क्योंकि पिछले कुछ समय से मुझे अपनी जिंदगी में लगातार रिजेक्शन मिल रहे हैं, जिसके चलते अब छोटी-छोटी बातें भी मुझे बहुत चोट पहुंचाती हैं।' नीति को इस तरह टूटता देख सोहेल खान ने उन्हें गले लगाया और भरोसा दिलाया कि शो खत्म होने के बाद भी उनकी दोस्ती बनी रहेगी। उन्होंने कहा, 'तुम मेरी नई दोस्त बनी हो और मैं वादा करता हूं कि यह रिश्ता जिंदगीभर निभाऊंगा। इस दौरान नीति ने कहा, ''मैं पहले कभी इतनी कमजोर नहीं हुई। मेरी जिंदगी में बहुत कुछ हुआ है। अब मुझसे और नहीं सहा जाता।''



इसके बाद नीति ने सोहेल खान को गले लगा लिया, जबकि शो के बाकी कंटेस्टेंट्स यह भावुक पल देखते रहे। सोहेल ने कहा कि उनका फैसला पूरी तरह गेम की रणनीति का हिस्सा था और इसका उनकी निजी दोस्ती से कोई संबंध नहीं था। बता दें कि नीति टेलर टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। उन्होंने 'कैसी ये यारियां,' 'इश्कबाज,' 'गुलाम,' और 'बड़े अच्छे लगते हैं 3' जैसे कई सीरियल्स में काम किया है।

---



## सुनीता आहूजा के सपोर्ट में उतरीं कश्मीरा शाह

रियलिटी शो अक्सर सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि कई बार कलाकारों की निजी भावनाओं और संघर्षों को भी सामने ले आते हैं। ऐसा ही एक भावुक पल हाल ही में 'लॉक अप सीजन 2' में देखने को मिला, जब सुनीता आहूजा शो में अपना अनुभव साझा करते हुए भावुक हो उठीं। ऐसे में अभिनेत्री कश्मीरा शाह ने सुनीता आहूजा के समर्थन में आवाज उठाई। कश्मीरा शाह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह सुनीता आहूजा को गले लगाते हुए दिखाई दे रही हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने सुनीता आहूजा को मजबूत रहने की सलाह दी और कहा कि वह अकेली नहीं हैं। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में कश्मीरा ने लिखा, ''मजबूत रहो मामी। आप अकेले नहीं हो। हम सब आपके साथ हैं। किसी को भी आप खुद को कमजोर करने मत दो। आप असली हो, खुद पर भरोसा रखो और जो आपको परेशान कर रहे हैं, उन्हें करारा जवाब दो। आपकी 'डिविल्स एंजेल' आपके साथ है और मैं वादा करती हूं कि कोई भी आपको नीचे नहीं गिरा पाएगा या रुला नहीं पाएगा। मुझे पता है आप जवाब दे सकती हो, लेकिन आप चुप हो, क्योंकि आप बस घर वापस जाना चाहती हो। लेकिन मैं कहती हूं कि वहीं डटी रहो और उन्हें जवाब दो जो आपको परेशान कर रहे हैं। मैं आपसे हमेशा प्यार करती रहूंगी। यह पूरा मामला तब सामने आया जब शो में सुनीता आहूजा को बेहद खराब क्वालिटी का खाना मिला, जिसके बाद वह भावुक होकर रो पड़ीं।

गौरतलब है कि सुनीता आहूजा के शो में आने के बाद से ही वह लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं, खासकर अपनी जीवन को लेकर दिए गए बयानों के कारण। वह अक्सर अपने पति और बॉलीवुड सुपरस्टार गोविंदा के साथ रिश्ते को लेकर खुलकर बात करती नजर आई हैं। पहले भी शो में बातचीत के दौरान सुनीता आहूजा ने कहा था कि वह अपने पति के एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर्स के बारे में लगातार सोचकर अपनी सेहत पर असर नहीं डालना चाहतीं। उन्होंने बताया था कि अब वह अपनी जिंदगी में अपने बच्चों और मानसिक शांति को ज्यादा प्राथमिकता देती हैं। सुनीता ने कहा था, ''अगर ऐसा हुआ भी है तो अब क्या कर सकते हैं... शुरू से ही ऐसा चलता आ रहा है। वह एक बड़े स्टार हैं, इसलिए आप कुछ कह भी नहीं सकते।

---



## 'धुरंधर' रणवीर सिंह बॉक्स ऑफिस पर फिर लाएंगे तूफ़ान!

41 साल के हो चुके रणवीर सिंह की अपकमिंग मूवीज का उनके फैन्स बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। जानिए 'धुरंधर' की ऐतिहासिक सफलता के बाद वे किन फिल्मों में दिखेंगे।

बॉलीवुड के धुरंधर स्टार रणवीर सिंह 41 साल के हो गए हैं। 6 जुलाई 1985 को मुंबई पैदा हुए रणवीर 16 साल से फिल्मों में एक्टिव हैं। 2010 में 'बैंड बाजा बारात' से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा और फिर 'गोलियों की रासलीला : राम लीला', 'बाजीराव मस्तानी', 'सिम्बा' और 'धुरंधर' जैसी फिल्मों से दर्शकों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई। खासकर 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी ने उन्हें बॉलीवुड के सबसे बैंकेबल स्टार्स की फेहरिस्त में खड़ा कर दिया। 'धुरंधर द रिवेंज' के ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर बनने के बाद जानिए रणवीर सिंह आगे कौन-सी फिल्मों में नज़र आ सकते हैं...

### 1. प्रलय

जय मेहता के डायरेक्शन में बन रही '?300 करोड़ के बजट वाली की यह ज़ॉम्बी थ्रिलर फ़िल्म बहुत बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है। इसकी कहानी 'हंगर गेम्स' जैसी तबाही झेल चुकी मुंबई पर आधारित है। इस फ़िल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया में शुरू होगी और इसमें कल्याणी प्रियदर्शन भी अहम भूमिका में होंगी। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं हुआ है।

### 2. चंद्रगुप्त मौर्य

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणवीर सिंह एक भव्य ऐतिहासिक फिल्म में महान सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य का किरदार निभाने को लेकर मेकर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य धर कर सकते हैं। हालांकि, यह प्रोजेक्ट अभी शुरुआती प्लान के चरण में है और इसकी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। वहीं, ऐसी भी चर्चाएं हैं कि फिल्म में रणनीतिकार चाणक्य की भूमिका के लिए अक्षय खन्ना का नाम सामने आ रहा है। फिल्म पर अपडेट जल्दी ही सामने आ सकती है।

### 3. इम्मॉर्टल्स ऑफ़ मेलुहा

पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर सिंह लेखक अमिश त्रिपाठी की चर्चित 'शिव ट्रिलॉजी' पर आधारित फिल्म सीरीज में भगवान शिव का किरदार निभा सकते हैं। इस ट्रिलॉजी की पहली किताब 'द इम्मॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' है, जिसमें भगवान शिव को एक ऐसे नायक के रूप में दिखाया गया है, जो एक प्राचीन सभ्यता की तकदीर बदलने के लिए नियत हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि रणवीर सिंह ने इस कहानी के फिल्मी रूपांतरण (एडॉप्टेशन) के अधिकार बड़ी रकम में हासिल किए हैं। हालांकि, इस सौदे की वास्तविक राशि का खुलासा नहीं किया गया है। कहा जा रहा है कि 2028 तक इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है।

### 4. सिम्बा 2

रणवीर सिंह की 'सिम्बा 2' का बेसब्री से इंतज़ार किया जा रहा है। यह 2018 में आई उनकी ब्लॉकबस्टर 'सिम्बा' कीई सीक्वल होगी, जिसका ऐलान डायरेक्टर रोहित शेट्टी खुद कर चुके हैं। उन्होंने अप्रैल 2025 में कहा था कि 'सिम्बा' और 'सूर्यवंशी' (अक्षय कुमार स्टारर) के सीक्वल बनाए जाएंगे। हालांकि, अभी इसे लेकर बहुत बड़ा डेवलपमेंट सामने नहीं आया है।

---

## 'बेटे के नजरिए से चुनती हूं फिल्म'

- 'रामायण' पर बोलीं काजल अग्रवाल; मां बनने के बाद काम में बदलाव पर की बात



**काजल** अग्रवाल के लिए यह साल काफी व्यस्त रहने वाला है। इस महीने उनकी फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' रिलीज होने जा रही है, जिसमें वह श्रेयस तलपड़े के साथ नजर आएंगी। वहीं दिवाली पर नितेश तिवारी की 'रामायणः पार्ट 1' भी रिलीज होगी। काम में व्यस्त रहने के बावजूद काजल कहती हैं कि अब वह बहुत सोच-समझकर फिल्में चुनती हैं, खासकर मां बनने के बाद उनकी सोच पूरी तरह बदल गई है।

### मैं चाहती हूं कि मेरा बेटा मुझ पर गर्व करे

एक इंटरव्यू में काजल अग्रवाल ने घर और काम को लेकर बात करते हुए कहा, 'शादी और बच्चे के बाद जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। अब जब मैं कोई प्रोजेक्ट चुनती हूं, तो अपने बच्चे के नजरिए से सोचती हूं। मैं चाहती हूं कि मेरा बेटा मुझ पर गर्व करे। वह मेरी फिल्म देखे और कहे कि यह मेरी मां का काम है और यह बहुत अच्छा है। इसलिए अब मैं ज्यादा जिम्मेदारी और समझदारी के साथ फैसले लेती हूं।'

### मेरा बेटा रामायण का बहुत बड़ा फैन

इसी वजह से 'रामायण' को लेकर उनकी एक्साइटमेंट भी काफी ज्यादा है। फिल्म को लेकर उन्होंने कहा, 'मेरा बेटा रामायण का बहुत बड़ा फैन है। वह रोज घर पर रामलीला करता है और किरदार निभाता है। जब मैंने उसे बताया कि मैं इस फिल्म का हिस्सा हूं, तो वह बहुत खुश हो गया। मजेदार बात यह है कि उसका फेवरेट किरदार रावण है और मैं फिल्म में उसकी पत्नी मंदोदरी का रोल निभा रही हूं। जब 'रामायण' का पार्ट 2 आएगा, तब वह लगभग 5 साल का होगा और मैंने उससे कहा है कि वह अपनी पहली फिल्म थिएटर में देखेगा।'

---

नई फिल्म को लेकर दोनों ने जताई खुशी

## पहली बार पर्दे पर दिखेगी ऋचा चड्ढा और अली फजल की जोड़ी

**बॉलीवुड** की चर्चित अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अभिनेता अली फजल इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल्स में गिने जाते हैं। शादी के बाद दोनों कभी किसी एक फिल्म में नजर नहीं आए। अब पहली बार दर्शकों को यह मौका मिलने जा रहा है। ऋचा और अली जल्द ही अभिनेता, लेखक और निर्देशक शाशी वर्मा की दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित एक सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म को लेकर दोनों कलाकार काफी उत्साहित हैं और उनका कहना है कि यह उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है। ]

बात करते हुए ऋचा चड्ढा ने कहा, 'फिल्म की कहानी ने मुझे शुरुआत से ही आकर्षित किया। यह रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी परिस्थितियों से हास्य पैदा करती है। सबसे खास बात यह है कि हंसी के बीच फिल्म समाज के बारे में एक महत्वपूर्ण बात भी कहती है।' उन्होंने आगे कहा, 'दिल्ली पर आधारित कहानी में वापसी करना मेरे लिए कई प्यारी यादें भी लेकर आया, क्योंकि मेरी शुरुआती स्कूली पढ़ाई वहीं हुई है। अली और मैं पहले भी फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन पर्दे पर इस तरह के रिश्ते को हमने कभी नहीं निभाया।

अली बहुत सहज कलाकार हैं और मैं इस नई ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर उत्साहित हूं। वहीं, अली फजल ने भी इस फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि असली कॉमेडी वही होती है, जो वास्तविक लोगों और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी से निकलकर आती है, न कि बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए गए किरदारों से। अली ने कहा, 'कॉमेडी सबसे अच्छी तब लगती है, जब वह वास्तविक लोगों से जुड़ी हो। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि हर किरदार में कमियां, अलग-अलग आदतें और भावनात्मक सच्चाई है। यही बात इसके हास्य को और ज्यादा असरदार बनाती है। उन्होंने आगे कहा, 'ऋचा के साथ ऐसी कहानी में काम करना, जिसमें हम पहली बार एक-दूसरे के अपोजिट हैं, मेरे लिए बेहद खास है। इतने सालों से हम एक-दूसरे को पेशेवर तौर पर जानते हैं, लेकिन इस तरह साथ काम करने का मौका पहली बार मिला है। इसलिए यह अनुभव सचमुच रोमांचक है। निर्देशक जिस तरह रोजमर्रा की जिंदगी को बारीकी से देखते हैं और उसे सिनेमा में उतारते हैं, वह मुझे हमेशा पसंद आया है।



---

## नारी सशक्तिकरण की मिसाल बना ग्रामीण सेवा शिविर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का सशक्त माध्यम साबित हो रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार पंचायत समिति झाडोल की ग्राम पंचायत माणस में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर नारी सशक्तिकरण की एक अनूठी मिसाल बनकर उभरा, जहाँ दो ग्रामीण महिलाओं के जीवन में खुशहाली का नया सवेरा आया। अभियान के तहत मंगलवार को जावर, बोरी, वाटी,



जावड़, भानसोल, टूसडांगियान, वाना, पाणुन्द, मादड़ा, पडावली खुर्द, गुंदाली, गोरण, माणस, नेवज, बरोठी भीलान, सारोली, जायरा, पण्ड्यावाड़ा, ढेलाणा, बडली, मेड़ी एवं घाटा ग्राम पंचायतों में सेवा शिविर हुए। झाड़ोल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत माणस में हुए शिविर में एक एकल महिला को अपने आशियाने का मालिकाना हक मिला। माणस की रहने वाली एकल नारी गीता देवी पत्नी स्वर्गीय चेतन कुमार लंबे समय से अपने आशियाने के मालिकाना हक के लिए परेशान थीं। जब वह अपनी इस समस्या को लेकर शिविर में पहुंचीं, तो शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी जितेन्द्र सिंह राजावत के निर्देशन में अधिकारियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत कार्रवाई की। मौके पर ही सभी कागजी औपचारिकताएं पूरी कर गीता देवी को आवासीय पट्टा सौंपकर उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का अहसास कराया गया।

### रोजगार की राह हुई आसान

माणस निवासी फुला मेघवाल पत्नी सुरेश मेघवाल का वी. बी. रामजी योजना का जॉब कार्ड निष्क्रिय होने के कारण उनके सामने रोजगार का संकट था। शिविर में न केवल त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके जॉब कार्ड को पुनः एक्टिव किया गया, बल्कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए उन्हें वीबीरामजी में ही मेट के रूप में पंजीकृत भी किया गया। अब फुला देवी एक लीडर के रूप में अन्य श्रमिकों के काम का प्रबंधन संभालेंगी। इन दोनों ही बड़ी सफलताओं के बाद लाभार्थी गीता देवी और फुला मेघवाल ने महिला सुरक्षा और रोजगार को प्राथमिकता देने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान सरकार का दिल से आभार व्यक्त किया।

### बुधवार को यहां होंगे शिविर

अभियान के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत गौरेला, भल्लों का गुड़ा, वरडा, बोयणा, साकरिया खेड़ा, नांदवेल, कुण्डई, बांसड़ा, मदारड़ा, मोडी, भानपुरा, नांदेशमा, माकड़ादेव सलदरी, बिरोठी, सुलई, कातर, भोमटावाड़ा, गरनाला, कोटड़ा, बिछीवाड़ा, बेडाधर, तेजा का वास एवं उखलियात में शिविर होंगे। वहीं नगरीय निकायों में भी शिविरों का संचालन जारी रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।